सार्वजनिक नीलामी सूचना / शर्तें

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय वाहन एम्बेस्डर कार का U.P. 94/B-4100, U.P.93/D-6278 एवं U.P.93/D-6279 जो न्यायालय परिसर में खडे है, की नीलामी दिनांक–10.11.2021 को समय अपरान्ह 03:00 बजे से 04:30 बजे तक जनपद न्यायालय, ललितपुर के सभागार कक्ष में की जायेगी। नीलामी की शर्तें निम्नवत है :–

1. जो व्यक्ति सार्वजनिक नीलामी में बोली बोलना चाहे उन्हें 10,000/–(दस हजार)रूपये का बैंक ड्राफ्ट जो जिला जज , ललितपुर के नाम हो अथवा नगद धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमां करना होगी । नीलामी उपरान्त जिसके पक्ष में बोली स्वीकार होगी , उसकी प्रतिभूति राशि रोक ली जायेगी , शेष व्यक्तियों की प्रतिभूति राशि नीलामी उपरान्त वापस कर दी जायेगी ।

2. सरकारी बोली , नीलामी हेतु गठित की गयी कमेटी द्वारा निश्चित की जायेगी । नीलामी के इच्छुक व्यक्ति को उससे बोली नीलामी की बोली बोलना होगी ।

3. सबसे अधिक धनराशि /बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली समाप्त होते ही उच्चतम बोली की धनराशि का 1/2 भाग के बराबर धनराशि बोली स्थल पर ही नगद जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि नीलामी की स्वीकृति के उपरान्त तत्काल जमा करना होगी।

4. यदि उच्चतम बोलीदाता अपनी अधिकतम बोली का 1/2 भाग के बराबर धनराशि तुरन्त जमा नहीं करता है तो उसके द्वारा प्रतिभूति के रुप में जमा की गई धनराशि को सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा तथा उसके कम बोली बोलने को अपनी अधिकतम बोली के 1/2 भाग के बराबर धनराशि जमा करनी होगी, जी0 एस0 टी0 भी नियमानुसार देय होगा।

5. समस्त धनराशि जमा होने एवं नीलामी स्वीकृत होने पर ही वाहन की डिलीवरी दी जायेगी।

6. वाहन का निरीक्षण न्यायालय परिसर ललितपुर में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है तथा वाहन जैसा है जहां है के आधार पर नीलाम किया जायेगा, यदि कोई व्यक्ति नीलामी के सम्बन्ध में अन्य जानकारी चाहता है तो वह किसी भी कार्यदिवस में प्रभारी अधिकारी (नजारत) अथवा केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर से सम्पर्क स्थापित करके जानकारी प्राप्त कर सकता है।

7. नीलामी समिति को पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये नीलामी की कार्यवाही को स्थगित अथवा निरस्त कर सकती है।

8. नीलामी/क्रेता को नीलामी सम्बन्धी समस्त औपचारिकतायें स्वयं पूर्ण करनी होंगी, बोलीदाता को नियमानुसार जी0एस0टी0 अदा करनी होगी तथा वाहन के पंजीकरण की कार्यवाही भी स्वयं करनी होगी।

दिनांक– 26 अक्टूबर 2021

(मेराज अहमद)
प्रभारी अधिकारी (नजारत अनुभाग)/
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ललितपुर।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह इस नीलामी के प्रचार–प्रसार कराने की दृष्टि से अपने कार्यालय के सूचनापट पर चस्पा करानें का कष्ट करें:–

1. नाजिर सदर, कलैक्ट्रेट, ललितपुर।
2. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, ललितपुर।
3. जिला सूचना अधिकारी, ललितपुर को सार्वजनिक सूचना एवं शर्तों को समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु।
4. सहायक नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करानें हेतु।
5. सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, ललितपुर की वेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

26.X.021

प्रभारी अधिकारी (नजारत अनुभाग)/
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ललितपुर।